पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने हरदोई जनपद के प्रथम सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'रेडियो जागो' का किया लोकार्पण

सामुदायिक रेडियो जनसामान्य तक अपनी बात पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम

शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े हुये कार्यक्रमों को विभिन्न विधाओं के माध्यम से प्रसारित करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 11 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से आनलाइन हरदोई जनपद के प्रथम सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'रेडियो जागो' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सामुदायिक रेडियो जनसामान्य तक अपनी बात पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। क्योंकि यह क्षेत्र विशेष की अपनी भाषा एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रेरित करने के साथ–साथ स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच भी उपलब्ध कराता है।

राज्यपाल जी ने कहा कि दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकार की आवाज तो पहुंच जाती थी लेकिन ग्रामीण समुदाय को अपनी बात रखने का उचित मंच नहीं मिलता था। कम्युनिटी रेडियो के आ जाने से अब उन्हें अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। साथ ही चल रही विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सामुदायिक रेडियो के माध्यम से समाज के अन्तिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने तथा उन्हें शिक्षित बनाने की परिकल्पना साकार होगी।

राज्यपाल जी ने 'रेडियो जागो' के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, सुरक्षा तथा भारतीय संस्कृति एवं संस्कार से जुड़े हुये कार्यक्रमों को विभिन्न विधाओं के माध्यम से प्रसारित करें। साथ ही इनमें बच्चों की भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें क्योंकि आज देश की संस्कृति, संस्कारों और परम्पराओं को आपस में जोड़कर लोगों को संस्कारवान बनाने की बहुत बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामुदायिक रेडियो समुदाय के हर वर्ग बच्चों, महिलाओं, किसानों, व्यवसायियों, किशोरों तथा वृद्ध लोगों से कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ाव रखेगा। राज्यपाल जी ने शिव शंकर डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में जन सहभागिता भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन एवं शिव शंकर डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष अभय शंकर गौड़ ने बताया कि शिव शंकर डेवलपमेंट सोसायटी पर्यावरण जागरूकता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार–प्रसार के विभिन्न आयामों के माध्यम से जन– जागरूकता के कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। उन्होंने बताया कि अब शिव शंकर डेवलपमेंट सोसायटी 'रेडियो जागो' के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य, संस्कृति आदि विषयों के माध्यम से जागरूकता के कार्यक्रम संचालित करेगी ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बताया कि समुदायिक रेडियो लोक की संस्कृति से निकलता है, जिसका उद्देश्य सेवा भाव है।

कार्यक्रम में स्प्रिंग डेल स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमवती वर्मा, सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला बहन, राज्य निवेश विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री राम मोहन मिश्र, जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, स्प्रिंग डेल स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

––––––––

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9453005360

रेडियो जागो 90.4 FM, हरदोई
लोकार्पण समारोह
11 अप्रैल 2023
By...
Shiv Shankar
Development Society
Station Road, Hardoi
मुख्य अतिथि
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
RADIO
जागो
90.4 FM